राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

क्रमांक : आर.एन.सी./मान्यता/ 16293 दिनांक : 7-2-06

To,
Sanjay Biyani, Secretary,
Biyani Shikshan Samiti
Biyani School of Nursing & Para Medical Science
R-4, Sector No. 3, Vidhyadhar Nagar, Jaipur

विषय : जनरल नर्सिंग स्कूल खोलने की अनुमति बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य सरकार के पत्र क्रमांक F.5 (211) M & H /Gr.3/96 p t.I दिनांक 30-1-2006 द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के उपरान्त भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 02/May/(1)/2006-INC दिनांक 25-5-2006 के तहत आपका संस्थान जनरल नर्सिंग स्कूल छात्र भर्ती करने के उपयुक्त पाया गया है तथा भारतीय उपचर्या परिषद् के पत्रानुसार आपको निम्न शर्तों के तहत राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के द्वारा सम्बद्धता/मान्यता दी जाती है :-

1. आप प्रत्येक वर्ष राजस्थान नर्सिंग कौंसिल को निर्धारित मान्यता फीस (वर्तमान में 10,000/- रू.) जमा करवायें।
2. छात्रों की भर्ती के लिए वर्ष में एक बार माह सितम्बर/अक्टूबर में अतिरिक्त निदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर द्वारा छात्र उपलब्ध करवायें जायेंगे तथा विज्ञप्ति में जारी नियमों एवं शर्तों की अनिवार्य रूप से पालना की जावेगी।
3. प्रत्येक वर्ष आई. एन. सी./आर. एन. सी. द्वारा निरीक्षण किया जावेगा। जब तक आपका प्रथम बैच उत्तीर्ण नहीं हो जाता है।
4. आपके संस्थान को 30 छात्रों को प्रति वर्ष भर्ती कर प्रशिक्षण देने हेतु उपयुक्त पाया गया है। अतः आपको 30 छात्रों को जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी कोर्स चालू करने हि. मान्यता प्रदान की जाती है।
5. राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.1(211)चिस्या/3/96 दिनांक 12.5.2000 एवं समसंख्यक संशोधित पत्र दिनांक 2.7.2001 द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना अनिवार्य रूप से की जानी है।
6. समय-समय पर राज्य सरकार, आई. एन. सी. एवं आर. एन. सी. द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना करना अनिवार्य होगा। किसी भी स्तर के निर्देशों की अवहेलना पाये जाने पर आपकी संस्था की मान्यता रद्द कर दी जायेगी।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

क्रमांक : आर.एन.सी./मान्यता/ दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. उपशासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ग्रुप-3) राजस्थान, जयपुर
2. अतिरिक्त निदेशक (प्रशिक्षण) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर